सत्यमेव जयते

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
फेज़-1, 9वीं मंजिल, फिल्म प्रभाग परिसर, डॉ.जी देशमुख मार्ग, पेडर रोड, मुंबई - 400 026

संख्याःएम/23/2024

दिनांक:-8/8/2024

सेवा में,
प्रादेशिक अधिकारी,
केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड,
कोलकाता/चेन्नई/ बैंगलूर/ हैदराबाद/ तिरूवनंतपुरम/ नई दिल्ली/ कटक

विषयः- सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध तथा व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) नियम, 2004 के तहत फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों में तम्बाकू विरोधी स्वास्थ्य विज्ञापनों का रोटेशन/प्रतिस्थापन

महोदय/महोदया,

1. कृपया उपर्युक्त विषय में संलग्न स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का पत्र संख्या पी-16013/05/2018-टीसी दिनांक 11.09.2024 का अवलोकन करें। उक्त पत्र के माध्यम से, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत अनिवार्य नियमों के अनुसार, सीबीएफसी द्वारा प्रमाणित होने वाली सभी फिल्मों में पुराने हेल्थ स्पॉट को बदलने और नए हेल्थ स्पॉट प्रदर्शित करने का अनुरोध किया है। दिनांक 5 जुलाई 2024 के पत्र के क्रम में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिनांक 18 जुलाई 2024 को ईमेल भी भेजा है, जिसमें हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 15 अन्य भाषाओं में नए वीडियो हेल्थ स्पॉट के लिंक साझा किए है।

2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा साझा किए गए नए हेल्थ स्पॉट्स (मैं भी सुनीता और वेन यु क्विट) के लिंक नीचे प्रस्तुत हैं। इन दो हेल्थ स्पॉट्स (कुल 60 सेकंड की अवधि) का उपयोग सभी फिल्मों की शुरुआत में और फिल्म के मध्य में (अंतराल के बाद) पुराने हेल्थ स्पॉट्स को बदलने के लिए किया जा सकता है। आवेदकों / फिल्म निर्माताओं द्वारा सीधे डाउनलोड करने के लिए नए हेल्थ स्पॉट्स के लिंक सीबीएफसी वेबसाइट पर भी साझा किए जाएंगे।

   हिंदी और अंग्रेजी में उल्लिखित स्वास्थ्य स्पॉट के लिंक (mov और mp4 फ़ाइल) निम्न प्रकार हैं

   " मैं भी सुनीता (खैनी टेस्टिमॉनियल)" वीडियो स्पॉट के हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारण संस्करण

   https://drive.google.com/drive/folders/186m62edBxd0V6tXpmxWVNjkcQitmASLg?usp=sharing

   "वेन यु क्विट" वीडियो स्पॉट के हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारण संस्करण

   https://drive.google.com/drive/folders/1n7JiCC6iOGHNVDLtJIWps9WpfhYpCoFI?usp=sharing

15 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उल्लिखित स्वास्थ्य स्पॉट के लिंक (mov और MP4 फ़ाइल) निम्न प्रस्तुत हैः-

"मैं भी सुनीता" - 15 भाषाएँ (दो फ़ोल्डर हैं, एक .MOV के लिए और एक .MP4 ब्रॉडकास्ट फ़ाइलों के लिए)

"वेन यु क्विट" - 15 भाषाएँ (दो फ़ोल्डर हैं, एक .MOV के लिए और एक .MP4 ब्रॉडकास्ट फ़ाइलों के लिए)

https://drive.google.com/drive/folders/1yA6LeHGTCcZhW5dlxKSVcQVh7NLYYNE1?usp=drive _link

3. तत्काल अनुपालन में आवेदकों और फिल्म निर्माताओं पर होने वाले किसी भी वित्तीय बोझ को कम करने हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MOHFW) को सुझाव दिया गया कि 10 अगस्त 2024 से शुरू होने वाले फिल्म/टेलीविजन कार्यक्रमों की शुरुआत और बीच में नए स्वास्थ्य स्पॉट प्रदर्शित करने हेतु आवेदक/फिल्म निर्माता अनुपालन करेंगे। तदनुसार, सीबीएफसी 10 अगस्त 2024 को या उसके बाद प्रस्तुत फिल्म प्रमाणन के आवेदनों को नए स्वास्थ्य स्पॉट के साथ स्वीकार करना शुरू कर देगा और तदनुसार प्रमाण पत्र जारी करेगा।

भवदीय,

(गोविंद मिश्र)

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

संलग्नक उपर्युक्त